# मैं टीम इंडिया में खेल रहा हूं इसका श्रेय जॉन राइट कोः जसप्रीत बुमराह



आज भी कोच जॉन राइट के संपर्क में हूं

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि मैं आज भी कोच जॉन राइट के संपर्क में रहता हूं और अपने खेल को लेकर उनसे राय–मशविरा करता रहता हूं। मैं उन्हें यह भी कहा करता हूं कि आपकी ही बदौलत मैं भारतीय टीम में खेल रहा हूं। हालांकि जॉन राइट कहते हैं कि मैंने कुछ ऐसा नहीं किया तुम अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर यहां हो। इस विडियो में बुमराह ने अपने खेल से जुड़ी और भी कई बातों के बारे में बताया है।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि अगर वह आज टीम इंडिया में खेल रहे हैं तो इसका पूरा श्रेय जॉन राइट को जाता है। बुमराह ने कहा कि वह जॉन राइट ही हैं, जिन्होंने मेरी प्रतिभा का जाना और फिर खेल की जरूरत के हिसाब से इसे तराशा भी। बता दें कि टीम इंडिया के पूर्व कोच रहे जॉन राइट जब मुंबई इंडियंस के साथ जुड़े थे, तब बुमराह को उन्होंने ही मुंबई इंडियंस के लिए सिलेक्ट किया था। इसके बाद बुमराह को अपनी दमदार बोलिंग के दम आईपीएल में मुंबई इंडियंस की ओर से खेलने का चांस मिला और फिर उन्होंने खुद को साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। एक इंटरव्यू में इस तेज गेंदबाज ने बताया, जब मैं 19 साल का था, तब मैं सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टूर्नामेंट अपनी टीम गुजरात खेलने के लिए मुंबई में था। यहां मुंबई के कोच जॉन राइट की नजर मुझ पर पड़ी और उन्होंने हमारे कप्तान पार्थिव पटेल से मुझे लेकर बात की थी। 2016 में अपने इंटरनैशनल करियर की शुरुआत करने वाले बुमराह ने आगे बताया, पार्थिव पटेल ने मुझे इस बारे में बताया था तो मुझे विश्वास नहीं हुआ।

# न्यूजीलैंड ने भारत पर बनाई बढ़त, इशांत ने दिखाया दम

**क्रिकेट**

## न्यूजीलैंड ने बनाए 216 रन, भारत पर हासिल की 51 की बढ़त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वेलिंग्टन। भारत और न्यूजीलैंड के बीचे खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल खत्म हो गया है। मेजबान कीवी टीम ने टीम इंडिया पर 51 रन की बढ़त हासिल कर ली। दूसरे दिन खराब रोशनी के कारण स्टंप्स का ऐलान होने तक कीवी टीम ने 5 विकेट पर 216 रन बना लिए हैं। कप्तान केन विलियमसन ने शानदार 89 रन बनाए उन्हें मोहम्मद शमी ने अपना शिकार बनाया। इसके अलावा तेज गेंदबाज इशांत शर्मा ने सर्वाधिक तीन विकेट अपने नाम किए। शमी–इशांत के अलावा रविचंद्रन अश्विन ने भी एक विकेट अपने नाम किया।

पहली पारी में टीम इंडिया के 165 रन के जबाव में उतरी न्यूजीलैंड ने अपनी पारी की मजबूत शुरुआत की। भारत को 11वें ओवर में इशांत शर्मा ने टॉम लेथम (11) को



विकेटकीपर पंत के हाथों कैच कराकर पहली सफलता दिलाई। लेथम के बाद टॉम ब्लंडेल (30) और केन विलियमन ने अपनी टीम की पारी को बखूबी संभाल लिया। इन दोनों के बीच अभी 47 रन की साझेदारी हो चुकी थी, तब इशांत ने ब्लंडल को क्लीन बोल्ड कर इसे तोड़ा। यहां से कीवी टीम की पारी को आगे बढ़ाने अपने करियर का 100वां टेस्ट खेल रहे रॉस टेलर आए। कप्तान विलियमसन ने रॉस टेलर (44) के साथ मिलकर अपनी टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। दोनों ने मिलकर 93 रन की साझेदारी की और भारत पर बढ़त हासिल कर ली। अभी कीवी टीम की लीड 1 रन पर ही पहुंची थी कि इशांत शर्मा ने रॉस टेलर को 44 के निजी स्कोर पर अपना तीसरा शिकार बना लिया। टेलर अपनी हाफ सेंचुरी से मात्र 6 रन दूर थे तब इशांत की एक अतिरिक्त उछाल लेती हुई गेंद उनके बैट को छूकर शॉर्ट लेग पर खड़े चेतेश्वर पुजारा के हाथ में जा समाई। इस तरह खतरनाक हो रही इस साझेदारी का अंत हुआ।

इसके बाद अपने शतक की ओर बढ़ रहे कप्तान केन विलियमसन (89) को मोहम्मद शमी ने आउट कर भारत को चौथे विकेट के रूप में दिन की सबसे बड़ी सफलता दिलाई। विलियमसन मोहम्मद शमी की गेंद को ड्राइव कर रहे थे कि कवर्स में खड़े रवींद्र जडेजा ने आगे की ओर कूद कर उनका उम्दा कैच लपक लिया। आउट होने से पहले कीवी कप्तान ने अपने टेस्ट जीवन की 32वीं हाफ सेंचुरी पूरी की। कुछ देर बाद लगातार शानदार बोलिंग कर रहे ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को भी हेनरी निकोल्स (17) के रूप दिन की पहली और एकमात्र सफलता मिल गई।

# एशियाई चौंपियनशिपः बजरंग और रवि दाहिया समेत 4 पहलवान फाइनल में, गोल्ड दांव पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। बजरंग पूनिया के 'लेग डिफेंस' में सुधार दिखाई दिया जिसके बूते वह यहां शनिवार को एशियाई कुश्ती चौंपियनशिप पुरुष फ्रीस्टाइल स्पर्धा के शुरुआती दिन तीन अन्य भारतीयों के साथ गोल्ड मेडल मैच में पहुंचे। बजरंग ने मजबूत प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक केवल दो अंक गंवाए और अब उनका सामना जापान के ताकुतो ओटोगुरो से होगा जिनसे वह 2018 विश्व चौंपियनशिप के फाइनल में भी भिड़े थे।

बजरंग को पिछले कुछ समय से 'लेग डिफेंस' और बड़ी बढ़त गंवाने में समस्या हो रही थी लेकिन शनिवार को इससे उन्हें कोई परेशानी नहीं हुई और वह



65 किग्रा में शुरू से मजबूत बने रहे। उन्होंने अपनी सारे मुकाबले तकनीकी श्रेष्ठता के बूते जीते जिसमें उन्होंने ताजिकिस्तान के जमशेद शारीफोव, उज्बेकिस्तान के एबोसा राखमोनोव और ईरान के अमीरहुसैन अजीम मागसौदी को शिकस्त दी।

57 किग्रा में रवि दहिया ने दमदार प्रदर्शन करते हुए जापान के युकी ताकाहाशी को 14–5 से मात देकर मंगोलिया के तुग्स बतजारगल को हराया। सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के नूरीस्लाम सनायेव उनके सामने जरा भी चुनौती पेश नहीं कर सके। अब उनका सामना ताजिकिस्तान के हिकमातुलो वोहिदोव से होगा।

**गौरव बालियान और सत्यव्रत कादियान भी फाइनल में:** गौरव बालियान (79 किग्रा) और सत्यव्रत कादियान (97 किग्रा) भी गोल्ड मेडल मुकाबले में पहुंच गए हैं। आज पांच भारतीय खेलने उतरे जिसमें से केवल नवीन 70 किग्रा में फाइनल में पहुंचने से चूक गए और सेमीफाइनल में ईरान के अमीरहुसैन अली होसनेनी से 2–3 से हार गए। अब वह ब्रॉन्ज मेडल के लिए कजाकस्तान के मेरजान अशीरोव से भिड़ेंगे।

## मैनचेस्टर यूनाइटेड के 10 वर्षीय प्रशंसक ने लिवरपूल के कोच को हारने के लिए लिखा पत्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। इंग्लिश फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड के 10 साल के प्रशंसक ने लिवरपूल के कोच जर्गन क्लोप से आग्रह किया है कि वह अपने अगले मैच में हार जाएं। क्लोप ने इस बच्चे के पत्र का जबाव भी दिया है लेकिन उसकी विनती मानने से इनकार कर दिया। डाराघ कुर्ले नाम के महज 10 साल के प्रशंसक ने 52 साल के क्लोप को लिखा है कि वह कुछ मैच हार जाएं ताकि इस सीजन प्रीमियर लीग का खिताब नहीं जीत सकें। कुर्ले ने लिखा, 'अगर आप नौ मैच और जीत जाते हैं तो आप इंग्लिश फुटबॉल में सबसे ज्यादा मैचों तक अजेय रहने वाले क्लब बन जाएंगे।

यूनाइटेड के प्रशंसक होने के नाते मेरे लिए यह बेहद बुरी दुखद बात होगी।' कुर्ले ने आगे लिखा, 'इसलिए लिवरपूल जब अगली बार खेले तो आप कृपया करके हार जाएं। आप दूसरी टीम को गोल करने दें। मुझे उम्मीद है कि मैंने आपको लीग न जीतने के और अन्य कोई मैच न जीतने के लिए मना लिया होगा।' क्लोप ने इस बच्चे के पत्र के जबाव में लिखा, 'दुर्भाग्यवश, इस बार में आपकी अपील को मान नहीं सकता।' मैनचेस्टर यूनाइटेड 38 अंकों के साथ सातवें स्थान पर है।

## न्यूज डायरी



### डैरेन सैमी बनेंगे पाकिस्तान के निशान ए हैदर, मानद नागरिकता भी मिलेगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान सरकार वेस्ट इंडीज के पूर्व कप्तान डैरेन सैमी को देश में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की वापसी में भूमिका निभाने के लिए मानद नागरिकता से सम्मानित करेगी। पीसीबी ने शनिवार को यह घोषणा की। सैमी पांचवें पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में पेशावर जाल्मी की अगुवाई कर रहे हैं। उन्हें राष्ट्रपति आरिफ अल्वी 23 मार्च को मानद नागरिकता और पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान निशान ए हैदर से सम्मानित करेंगे। सैमी पीएसएल में शुरू से खेल रहे हैं और उन्होंने देश में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की वापसी में अहम भूमिका निभाई। वह 2017 में जब अधिक विदेशी खिलाड़ियों ने सुरक्षा चिंताओं के कारण लाहौर में पीएसएल फाइनल खेलने से इन्कार कर दिया था तब सैमी ने इस पर सहमति जताई थी। पेशावर ने तब उनकी अगुवाई में खिताब जीता था। वह पाकिस्तान में काफी लोकप्रिय हैं। सैमी तीसरे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर होंगे जिन्हें किसी देश की मानद नागरिकता दी जाएगी।

### ऑस्ट्रेलिया पर मिली जीत से बढ़ेगा भारत का आत्मविश्वासः मिताली राज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिडनी। भारत की स्टार बल्लेबाज मिताली राज ने स्पिनर पूनम यादव के शानदार प्रदर्शन की तारीफ करते हुए कहा कि पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को हराने से भारत का आत्मविश्वास काफी बढेग्गा। टी20 वर्ल्ड कप के पहले मैच में पूनम के चार विकेट की मदद से भारत ने डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 17 रन से हराया। मिताली ने आईसीसी के लिए लिखे एक एक्सक्लूसिव कॉलम में लिखा, हर कोई ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी की गहराई की बात कर रहा है लेकिन इसके बावजूद वे 132 रन का लक्ष्य हासिल नहीं कर सके। उन्होंने कहा, भारत का आत्मविश्वास इस जीत से काफी बढ़ेगा लेकिन अभी वर्ल्ड कप काफी खुला है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के मैच ने साबित कर दिया कि टूर्नामेंट कितना प्रतिस्पर्धी होगा। रैंकिंग का कोई असर नहीं पड़ता।

### शरण–सिटाक की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में ब्रायन बंधुओं से हारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** फ्लोरिडा। भारत के दूसरे नंबर के युगल टेनिस खिलाड़ी दिविज शरण और न्यूजीलैंड के उनके जोड़ीदार आर्टेम सिटाक को यहां डेलरे बीच ओपन के क्वार्टर फाइनल में गत चौम्पियन माइक और बाब ब्रायन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी से हार का मुंह देखना पड़ा। भारत और न्यूजीलैंड की जोड़ी को इस साल यूएस ओपन के बाद संन्यास लेने वाले ब्रायन बंधुओं से 2–6 6–4 10–3 से हार मिली। ब्रायन बंधु आखिरी बार डेलरे बीच ओपन में खेल रहे हैं। शरण ने इस मैच के बारे में कहा, ''ब्रायन बंधुओं के खिलाफ यह कड़ी चुनौती थी और इस जीत के लिये उन्हें बधाई। सिटाक और मैंने इस टूर्नामेंट से कुछ अच्छी चीजें सीखीं और अब हम अगले हफ्ते चिली में अच्छा करने की कोशिश करेंगे। ''

### उंगली में चोट के दौरान मिले कॉन्फिडेंस ने दी खेलने की ऊर्जाः पूनम यादव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिडनी। वर्ल्ड कप के पहले ही मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 4 विकेट झटककर टीम इंडिया को जीत दिलाने वाली पूनम यादव का एक वक्त पर इस वर्ल्ड कप में खेलना भी मुश्किल लग रहा था। पूनम की उंगली में वर्ल्ड कप से डेढ़ महीने पहले फ्रैक्चर हो गया था और उनकी चोट गंभीर होती जा रही थी। भारत की इस लेग स्पिनर ने कहा कि चोट के दौरान मिले आत्मविश्वास ने उन्हें नई ऊर्जा दी और इसकी बानगी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच में उसके प्रदर्शन में भी दिखी। दिसंबर में टूर्नामेंट से पहले एक शिविर के दौरान यादव की उंगली में फ्रैक्चर हो गया था। वर्ल्ड कप के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया पर जीत की सूत्रधार बनीं यादव अगर इस मैच में नहीं खेल पातीं तो भारत को उनकी कमी जरूर खलती। पूनम ने 17 रन देकर 4 विकेट लिए। अपनी चोट पर बात करते हुए इस स्टार स्पिनर ने कहा, मुझे नहीं पता था कि चोट इतनी बदतर हो जाएगी।